**बिहार सरकार**
**<u>ऊर्जा विभाग</u>**

पत्रांकः–प्र0 / ब्रेडा–गै0यो0 बजट–03 / 2020–          / पटना, दिनांक–

सेवा में,

**महालेखाकार (लेखा एवं हक),**
बिहार, वीरचन्द पटेल मार्ग, पटना।

विषयः– **वित्तीय वर्ष 2026–27 में बिहार रिन्युएबुल इनर्जी डेवलपमेंट एजेन्सी (ब्रेडा) को वेतन एवं गैर वेतन मद में सहायक अनुदान के रूप में 9,71,09,000/–(नौ करोड़ इकहत्तर लाख नौ हजार) रुपये की स्वीकृति एवं उक्त राशि में से प्रथम चौमाही में 3,20,45,970/–(तीन करोड़ बीस लाख पैंतालीस हजार नौ सौ सत्तर) रुपये ब्रेडा को उपलब्ध कराने की स्वीकृति प्रदान करने के संबंध में।**

<u>आदेशः–स्वीकृत।</u>

बिहार रिन्युएबुल इनर्जी डेवलपमेंट एजेन्सी (ब्रेडा) की योजना मद में स्वीकृत पदों को गैर योजना मद में हस्तांतरित करने का निर्णय वित्तीय वर्ष 2010–11 में राज्यादेश संख्या–2431 दिनांक–14.06.2010 में लिया गया।

2. वित्तीय वर्ष 2026–27 में ब्रेडा द्वारा वेतन एवं गैर वेतन मद में सहायक अनुदान के रूप में 9,71,09,000/–(नौ करोड़ इकहत्तर लाख नौ हजार) रुपये की स्वीकृति एवं उक्त राशि में से प्रथम चौमाही में 3,20,45,970/–(तीन करोड़ बीस लाख पैंतालीस हजार नौ सौ सत्तर) रूपये ब्रेडा को उपलब्ध कराया जाना आवश्यक है।

3. उक्त आलोक में वित्तीय वर्ष 2026–27 में बिहार रिन्युएबुल इनर्जी डेवलपमेंट एजेन्सी (ब्रेडा) को वेतन एवं गैर वेतन मद में सहायक अनुदान के रूप में 9,71,09,000/–(नौ करोड़ इकहत्तर लाख नौ हजार) रुपये की स्वीकृति एवं उक्त राशि में से प्रथम चौमाही में 3,20,45,970/– (तीन करोड़ बीस लाख पैंतालीस हजार नौ सौ सत्तर) रूपये ब्रेडा को उपलब्ध कराने की स्वीकृति प्रदान की जाती है।

4. उक्त राशि माँग सं0–10, मुख्य शीर्ष 2810–नवीन और नवीकरणीय ऊर्जा, उपमुख्य शीर्ष–00, लघु शीर्ष–104–नवीकरणीय ऊर्जा में अनुसंधान, डीजाइन तथा विकास, उप शीर्ष–0001–बिहार रिन्युएबुल इनर्जी डेवलपमेंट एजेंसी–सहायक अनुदान, विपत्र कोड–10–2810001040001 विषय शीर्ष–31.04 सहायक अनुदान–वेतन मद से 2,38,37,220/– रूपये एवं विषय शीर्ष–31.06 सहायक अनुदान–गैर वेतन मद से 82,08,750/– रूपये अर्थात कुल 3,20,45,970/– (तीन करोड़ बीस लाख पैंतालीस हजार नौ सौ सत्तर) रुपये मात्र के अन्तर्गत वित्तीय वर्ष 2026–27 में उपबंधित राशि से विकलनीय होगा।

5. इस राशि की निकासी उप सचिव–सह–निकासी एवं व्ययन पदाधिकारी, ऊर्जा विभाग, बिहार, पटना के द्वारा CFMS के माध्यम से सचिवालय कोषागार, सिंचाई भवन, पटना से कर इसका भुगतान कार्यान्वयन एजेंसी बिहार रिन्युएबुल इनर्जी डेवलपमेंट एजेन्सी (ब्रेडा) को इण्डियन बैंक, मेन ब्रांच, पटना के खाता संख्या–50091813870 एवं IFSC Code-IDIB000P611 में की जायेगी।

6. वित्त विभाग के परिपत्र संख्या–12888 दिनांक 03.12.2024 के आलोक में इस प्रस्ताव की स्वीकृति प्रदान की गयी है।

7. वित्त विभाग के परिपत्र सं0–7355 दिनांक 05.10.2007 के अनुसार इसमें प्राधिकार पत्र की आवश्यकता नहीं हैं।

8. प्रस्ताव पर सक्षम प्राधिकार माननीय मंत्री का अनुमोदन संचिका संख्या–प्र0/ब्रेडा–गै0यो0 बजट–03/2020 के पृष्ठ संख्या–131/टि0 पर दिनांक–25.06.2026 को प्राप्त है।

9. इस राशि के निकासी के उपरांत इसका उपयोगिता प्रमाण पत्र ब्रेडा द्वारा ससमय विभाग को उपलब्ध कराया जाएगा।

10. राज्यादेश पर आन्तरिक वित्तीय सलाहकार की सहमति संचिका संख्या–प्र0/ब्रेडा–गै0यो0 बजट–03/2020 पृष्ठ संख्या–133/टि0 पर दिनांक–02.07.2026 को प्राप्त है।

बिहार राज्यपाल के आदेश से

ह0/–
**(सुधा गुप्ता),**
सरकार के संयुक्त सचिव।

ज्ञापांक–प्र0/ब्रेडा–गै0यो0 बजट–03/2020– /पटना, दिनांक–

प्रतिलिपिः–महालेखाकार (लेखा परीक्षा), बिहार, पटना/कोषागार पदाधिकारी, सचिवालय, कोषागार, सिचाई भवन, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

ह0/–
**सरकार के संयुक्त सचिव।**

ज्ञापांक–प्र0/ब्रेडा–गै0यो0बजट–03/2020– 3830 /पटना, दिनांक– 13.07.2026

प्रतिलिपिः–सचिव, वित्त विभाग/अपर मुख्य सचिव, योजना एवं विकास विभाग/वित्त विभाग, बजट शाखा/बजट शाखा, ऊर्जा विभाग, पटना/उप सचिव–सह–निकासी एवं व्ययन पदाधिकारी, ऊर्जा विभाग, पटना/लेखा शाखा विभाग (तीन प्रतियों में) पटना/निदेशक, ब्रेडा, पटना/आई०टी० मैनेजर, ऊर्जा विभाग, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

13.07.26

**सरकार के संयुक्त सचिव।**